तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 पूजा-अर्चना से नए साल की शुरुआत



## खबर संक्षेप

### सेमीफाइनल में कवर्धा को 9 विकेट से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर-चांपा की टीम के खिलाड़ियों को अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस ने बताया कि अंतर जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल राजनांदगांव में जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर-चांपा की सीनियर टीम सेमीफाइनल में कवर्धा जिला को 9 विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

### बालगृह की स्थापना व संचालन के लिए प्रस्ताव आज तक

**जांजगीर-चांपा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 एवं नियम 2022 के अंतर्गत जिले में बालगृह (बालक) की स्थापना व संचालन के लिए पंजीकृत अशासकीय संस्थायें, स्वैच्छिक संगठन जो बाल कल्याण, बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत हो और देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों अथवा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में अनुभव रखते हो तथा जो वित्तीय रूप से भी सक्षम हो, बालगृह (बालक) एजेन्सी के संचालन के लिए मंगलवार 2 जनवरी तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।

### शराब पीने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** ढाबा के सामने शराब पीने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना सारागांव पुलिस को रविवार 31 दिसंबर को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि थाना सारागांव क्षेत्र के उत्तम ढाबा के पास लोगो को शराब पिलाने का साधन उपलब्ध कराया जाता है। सूचना पर आरोपी शिव शंकर टंडन एवम धनसाय साहू द्वारा शराब पिलाने का साधन उपलब्ध कराना पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सारागांव में अलग अलग धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**जांजगीर-चांपा।** भगवान भोलेनाथ के ग्यारहों रुद्र के अवतारी रामभक्त हनुमान की नव वर्ष प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर हनुमान जी को एक सरसों तेल का दीपक लौंगयुक्त सायकाल के समय दीप दान करें। श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में साय 6: 30 बजे सिंदुराभिषेक, 7 बजे हनुमान जी की महा आरती तथा सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ छेदीलाल यादव, सीतारामराठौर, रामकृष्णराठौर, गौरीशंकर राठौर, हुलेश्वर द्विवेदी, नन्दु राठौर के द्वारा किया जावेगा। मंदिर के पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने हनुमत भक्तों से सुन्दरकाण्ड पाठ में शामिल होने अपील की है।

### रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन आज

**जांजगीर-चांपा।** स्व. डॉ. गीता प्रसाद गुप्ता की स्मृति में राहौद में रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका समापन मंगलवार 2 जनवरी को शाम 7 बजे होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नपं अध्यक्ष संतोष गुप्ता, अति विशिष्ट अतिथि एसपी विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल, गुरूदयाल पाटले, संतोष यादव, नवल सिंह ठाकुर, वरूण पाण्डेय, सुनील अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल होंगे।

# नए साल के पहले ही दिन गई पामगढ़ जनपद अध्यक्ष की कुर्सी, अविश्वास प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

जनपद पंचायत पामगढ़ के अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर नए साल के पहले दिन मतदान कराने सम्मिलन हुआ। इस दौरान 17-3 के अंतर से अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ और अध्यक्ष की कुर्सी चली गई। खास बात यह है कि जनपद अध्यक्ष ने सक्ती विधानसभा से मतदान के ठीक पहले दिन मैदान छोड़कर कांग्रेस प्रवेश किया था। इसके बाद से उनकी कुर्सी खतरे में पड़ गई थी।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत पामगढ़ में राजकुमार पटेल बसपा समर्थित अध्यक्ष रहे। वे लंबे अर्से से बसपा से जुड़े रहे। चार साल तक अध्यक्ष रहते उन्होंने बीते विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस का दामन थाम लिया और सक्ती विधानसभा से जोगी कांग्रेस की टिकिट पर चुनाव लड़ने नामांकन भरा था। वे चुनाव मैदान में थे, लेकिन मतदान से ठीक एक दिन पहले उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता और प्रत्याशी डॉ. चरणदास महंत के समर्थन में मैदान छोड़ दिया और कांग्रेस प्रवेश कर लिया। इधर चुनाव के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन हो गया और इसके साथ ही पामगढ़ जनपद अध्यक्ष की कुर्सी खतरे में पड़ गई। नाराज सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष राजकुमार पटेल को पद से हटाने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने पिछले दिनों विहित पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को पद से हटाने अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन लगाया, जिस पर प्रशासन द्वारा संबंधितों को नोटिस देकर सूचना दी गई और विधिवत कार्रवाई शुरु करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने 1 जनवरी का दिन निर्धारित किया गया। तय तिथि के मुताबिक नए साल 2024 के पहले दिन 1 जनवरी को जनपद पंचायत में निर्धारित समय पर सदस्य और संबंधित अधिकारी पहुंचे। विधिवत कार्रवाई शुरु करते हुए पीठासीन अधिकारी ने सभी को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया। तत्पश्चात अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस दौरान 24 सदस्यीय जनपद पंचायत में 20 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान पश्चात मतों की गणना हुई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 17 और विपक्ष में सिर्फ 3 मत पड़े। इस तरह से पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को 17-3 के अंतर से पारित होने की घोषणा की। इधर अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद विपक्षी खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई।

## महंगा पड़ा बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होना

### कांग्रेस पर फोड़ा हार का ठिकरा

नए साल के पहले दिन जनपद अध्यक्ष की कुर्सी गंवाने के बाद राजकुमार पटेल ने हार का ठिकरा कांग्रेस पार्टी पर फोड़ते हुए नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक की हार बताया है। राजकुमार पटेल ने कहा कि वे बसपा से जुड़े रहे और जनपद अध्यक्ष बने। चार साल तक किसी को कोई शिकायत नहीं थी, लेकिन बीते नवंबर माह में उन्होंने कांग्रेस प्रवेश किया, जिसके बाद उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया और उनकी कुर्सी चली गई। उन्होंने साफ कहा कि यह हार उनकी नहीं बल्कि क्षेत्रीय विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की हार है।




## कार पलटने से उपसरपंच व पटवारी पति की गई जान, 4 घायल

# वर्ष 2024 के पहले दिन खून से सनी सड़क, हादसे में तीन मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

थर्टी फर्स्ट की नाईट सक्ती जिले में हुए दो सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना कार पलटने की है। जिसमें उपसरपंच और पटवारी पति की जान चली गई। जबकि उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए। इसके अलावा दूसरी घटना में बाइक सवार युवती की मौत हो गई।

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के ग्राम पंचायत लवसरा का उपसरपंच चर्तुमन साहू एवं पटवारी के पति रवि कंवर 31 दिसंबर की रात्रि में बाराद्वार पहुंचे थे। वहां न्यू ईयर की पार्टी मनाने के बाद वे देर रात घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान नंदेली के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दीवार से जा टकराई और वहीं पलट गई। घटना में उपसरपंच चर्तुमन साहू और रवि कंवर को गंभीर चोट आई। जिनकी वहीं पर मौत हो गई। वहीं कार में सवार सुरेन्द्र, धीरेन्द्र, ईश्वर एवं राजेन्द्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। दूसरी घटना सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम रगजा का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे रगजा में बर्थडे मनाकर लौट रहे बाइक सवार 2 युवती और 1 युवक को इनोवा कार ने ठोकर मार दी। इससे बाइक में सवार तीनों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें सक्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान घायल भारती महंत की मौत हो गई। मामले में सक्ती पुलिस ने इनोवा कार क्रमांक सीजी 13 एडब्डयू 9888 के चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 304 (A), 337 के तहत एफआईआर दर्ज किया है. घटना में गंभीर रूप से घायल अन्य युवती जयंती पटेल, परसदाकला गांव और युवक हरि बरेठ, बाराद्वार क्षेत्र के रायपुरा गांव के रहने वाले है। पुलिस के मुताबिक परसदाकला गांव के अनुपम महंत ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बेटी भारती महंत, उसकी सहेली जयंती पटेल, युवक हरि बरेठ के साथ जयंती के जन्मदिन होने पर सक्ती तरफ गए हुए थे, वहां से वापस लौटे वक्त पीछे से तेज रफ्तार इनोवा कार क्रमांक सीजी 13 एडब्डयू 9888के चालक ने ठोकर मार दी। इससे तीनों को गंभीर चोट आई थी, जिन्हें सक्ती हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां उसकी बेटी भारती महन्त की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मामले में सक्ती पुलिस ने ठोकर मारने वाले इनोवा कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है और जांच में जुटी हुई है।





सड़क पर पलटी कार तथा मृतक उपसरपंच चर्तुमन साहू व रवि कंवर।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

# पसीने की कमाई पाने बहाना पड़ रहा पसीना

## जिला सहकारी बैंक में सड़क तक लग रही किसानों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों को धान बिक्री की राशि पाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। जिला सहकारी बैंक नवागढ में तो पैसे निकालने पहुंचे किसानों की कतार सड़क तक लगने लगी है। खास बात यह है कि इतनी मशक्कत के बाद भी किसानों को उनका पूरा पैसा एकमुश्त नहीं मिल पा रहा है। राशि कम होने पर यहां 25 हजार का लिमिट तय कर दिया गया है।

वर्तमान में जिले में धान खरीदी पूरे शबाब पर है। किसान टोकन कटवाने से लेकर धान तौल कराने तक केन्द्रों में तो परेशान हो ही रहे है। रही सही कसर जिला सहकारी बैंक प्रबंधन की चरमराई व्यवस्था ने निकाल दी है। स्थिति यह है कि किसानों को जितनी मेहनत धान बेचने के लिए केन्द्रों में करनी पड़ रही है, उतनी ही परेशानी जिला सहकारी बैंक में राशि पाने में झेलनी पड़ रही है। शासन प्रशासन द्वारा भले ही किसानों को तत्काल भुगतान करने के दावे किए जाते हो लेकिन जिला सहकारी बैंक नवागढ़ में धान बिक्री की पूरी राशि मिल पाना असंभव हो गया है। यहां करेंसी की कमी रोज की बात हो गई है। इसके चलते किसानों को 25 हजार से अधिक की राशि नहीं मिल रही है। खास बात यह है कि राशि आहरण करने क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक केन्द्र अंतर्गत दर्जनों गांव के किसान पहुंच रहे है। जिनके लिए समितिवार सप्ताह में एक दिन निर्धारित किया गया है। ऐसे में निर्धारित तिथि को ही राशि आहरण होने को लेकर किसानों की भीड़ जहां सुबह से जिला सहकारी बैंक के सामने लग जाती है, तो वहीं आहरण में 25 हजार का लिमिट होने पर उन्हें अपनी राशि पाने के लिए कई बार बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते है। साल के पहले दिन 1 जनवरी को ही जिला सहकारी बैंक नवागढ़ में किसानों की भीड़ लगी रही। उनकी कतार सड़क तक पहुंच गई थी। इस दौरान 25 हजार की लिमिट ने उनकी परेशानी को और भी बढ़ा दी है। जिसके कारण सड़क मार्ग में से आने-जाने राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बैंक प्रबंधन द्वारा मात्र पच्चीस हजार रुपए की राशि किसानों को दी जा रही है। जिससे बार-बार किसानों को बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है राशि की लिमिट होने के कारण किसान आवश्यकता के अनुरूप ना तो अपना कर्ज चुका पा रहे हैं ना ही किसी प्रकार का सामान खरीद पा रहे हैं। किसानों की इस समस्या के प्रति शासन के जिम्मेदार लोगों को कोई सरोकार नहीं है। किसान सरकार को कोंस रहे हैं धान बेचने के बाद भी किसानों को पूरी राशि नहीं मिल रही है।



जिला सहकारी बैंक नवागढ़ में लगी किसानों की कतार।

## संकल्प शिविर के माध्यम से आमजन हो रहे लाभान्वित

**सक्ती।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत संकल्प शिविर के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं के तहत जानकारी प्रदान की जा रही है। वहीं प्राप्त हुए समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए जिले के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर में स्टॉल लगाकर लोगो को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। बाराद्वार के डॉ. भीमराव अंबेडकर मंगल भवन में आयोजित शिविर में सांसद गुहाराम अजगल्ले शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज नए वर्ष 2024 के पहले दिन ग्राम भवन बोडसरा, ग्राम भवन बेलादुला, ग्राम पंचायत भवन कचंदा, विद्यालय भवन भाटापारा भठोरा, ग्राम पंचायत भवन बेल्हाडीह, हटवारा चौक जाजंग, प्राथमिक शाला बैलाचुवा, पंचायत भवन आमापाली, पूर्व माध्यमिक शाला भवन चुरतेली और प्राथमिक शाला भवन लटियाडीह में शिविर का आयोजन किया गया।




## न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर डीजे चलाना पड़ा महंगा, बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नव वर्ष के अवसर पर देर रात्रि तक डीजे संचालक को तब महंगा पड़ गया, जब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया। मामला पंतोरा चौकी अंतर्गत ग्राम बक्सर का है।

इस संबंध में पंतोरा चौकी से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस द्वारा देर रात्रि में डीजे बजाने एवम अत्यधिक आवाज में डी.जे. बजाने वाले के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पंतोरा पुलिस को 31 दिसंबर की रात्रि में सूचना मिला कि पंतोरा बक्सरा चौक के में देर रात्रि तक सीमा से अधिक, बहुत ही तेज अवाज में डीजे बजाया जा रहा है। सूचना पर मौके पर दबिश दी गई। मौके पर पाया गया कि कुलदीप सिंह द्वारा रात्रि में डीजे साउण्ड अत्यधिक आवाज में बजा रहा था। डीजे में ध्वनि नापने यंत्र नही लगा हुआ था जो प्रत्येक डीजे संचालकों के लिए अनिवार्य है। इन कारणों से माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार डीजे को जप्त किया गया और कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया की गई है। जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा। डीजे संचालक का पुराना अपराधिक रिकार्ड भी चेक किया जा रहा है यदि पूर्व में कोलाहल अधिनियम का अपराध पाया जाता है तो डीजे साउण्ड की राजसात कार्यवाही के लिए भी विस्तृत प्रतिवेदन भेजा जावेगा।



डीजे के साथ संचालक।

## आंदोलन को लेकर रणनीति बनाने की गई चर्चा

# हिट एंड रन के विरोध में चालक संघ, दो दिवसीय हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

केन्द्र सरकार के द्वारा वाहन चालको के लिए लाए गए नए कानून के विरोध में मंगलवार 2 जनवरी एंव बुधवार 3 जनवरी को वाहन चालक संघ दो दिन के हडताल पर रहेंगें। दो दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में आयोजित किया जाएगा। इस बात की जानकारी वाहन चालक संघ के पदाधिकारियो के द्वारा एसडीएम, तहसीदार एंव थाना प्रभारी जांजगीर को दी गई है। साथ ही साथ आंदोलन को लेकर बैठक आयोजित की गई वही इस पर चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार के द्वारा वाहन चालको के लिए नया कानून लाया गया है। जिसके विरोध में वाहन चालक संघ के पदाधिकारियो के द्वारा सोमवार 1 जनवरी को बैठक आयोजित की गई इस दौरान संघ के पदाधिकारियो के द्वारा एक स्वर में केन्द्र सरकार के द्वारा वाहन चालको के लिए जो नया कानून लाया गया है। वह वाहन चालको के लिए उपयुक्त नही है। इससे वाहन चालको की दिक्कते आने वाले समय में बढेगी। इस समस्या को लेकर सोमवार 1 जनवरी को वाहन चालक संघ की बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। इस बीच बैठक के माध्यम से मंगलवार 2 जनवरी एंव बुधवार 3 जनवरी को होने वाले आंदोलन पर चर्चा आयोजित की गई। बैठक के बाद एसडीएम तहसीलदार एंव जांजगीर सिटी कोतवाली के नाम ज्ञापन सौपकर आंदोलन के दौरान लाउडीस्पीकर चलाने के संबंध में अनुमति भी मांगी गई। इधर वाहन चालक संघ के दो दिवसीय हडताल पर संघ से जुडे करीब 500 सौ से भी अधिक कर्मचारी शामिल होगें। वाहन चालक संघ में बस, ट्रक, हाइवा, ट्रेलर, पीकप, मार्शल, स्कार्पियो, बोलेरो समेत अन्य वाहन चालक संघ के पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया।



आंदोलन को लेकर रणनीति बनाते वाहन चालक संघ के पदाधिकारी।

## नववर्ष पर चलाया गया विशेष अभियान, वसूले गए 31 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नव वर्ष के अवसर पर लापरवाही पूर्वक तेज गति व तीन सवारी वाहन चलाने एवम यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 23 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं मोटरयान अधिनियम के विभिन्न धाराओ के तहत जिले में कुल 94 वाहन चालकों से 31 हजार 2 सौ रूपये का समन शुल्क लिया गया। थाना जांजगीर में 6, नैला में 2, बलौदा में 3, शिवरीनारायण में 04, चांपा में 5, बिर्रा में 3 मोटर साइकिल चालको के द्वारा तेज गति में वाहन चलाए पाए जाने तथा मौके पर कागजात पेश नही करने वाले वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। रविवार 31 दिसंबर को थाना जांजगीर में 6 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1800, थाना मुलमुला में 25 वाहन चालकों से 10 हजार 3 सौ, थाना पामगढ़ में 15 वाहन चालकों से 45 सौ, थाना शिवरीनारायण में 1 वाहन चालकों से 30 सौ , थाना नवागढ़ में 3 वाहन चालकों से 9 सौ, थाना सारागांव में 2 वाहन चालकों से 6 सौ एवं 42 वाहन चालकों से 12 हजार 800 रुपए का समन शुल्क लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### स्वामी सुरेन्द्रनाथ पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा बने छत्तीसगढ़ प्रमुख

**कोरबा।** श्री पंच दशनाम गुरुदत्त अखाड़ा वृंदावन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत अनिरूद्ध गिरी



महाराज ने स्वामी सुरेन्द्र नाथ को छत्तीसगढ़ प्रदेश का अध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति से साधु समाज ने प्रसन्नता जाहिर की गई। स्वामी सुरेन्द्रनाथ नवयुगीन संत के नाम से जाने जाते हैं। किसी पद की अभिलाषा से विमुक्त आध्यात्मिक, धार्मिक कार्यों के माध्यम से लोक कल्याण के कार्यों में संलग्न रहते हैं। वे लंबे समय से लोगों में अध्यात्मिक चेतना जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। स्वामी सुरेन्द्रनाथ ने कहा कि समाज को साधुओं की आवश्यकता है। साधु ही समाज में नए विचार, नई ऊर्जा के साथ क्रांति ला सकते हैं।

### दमखांचा में गौरी गौरा कार्यक्रम संपन्न



**मंडवारानी।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दमखांचा में गौरा गौरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि लक्ष्मीन बाई कंवर जनपद सदस्य,श्रीमती सरिता कंवर सरपंच ग्राम पंचायत दमखांचा,रामेश्वरी कंवर पूर्व सरपंच उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का फूल वाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात ग्रामवासियों के साथ शंकर भगवान के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। यह गौरा गौरी कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गावों के श्रद्धालु जन पहुंचे थे। मादर झान के धुन से गौरी गौरा का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में गांव के गढ़मान्य नागरिक रथ सिंह कंवर,देवानंद कंवर, धरम सिंह सिदार, मोहन सिंह कंवर, कन्हैया कंवर,अमर सिंह,रामचरण ,अमृत लाल यादव,धरम कंवर ,दीनदयाल कंवर, कृपा सिंह कंवर,नारायण कंवर, सम्मे दास,करम सिंह यादव बैगा, एवं समस्त ग्रामवासी दमखांचा के विशेष सहयोग से गौरा गौरी का कार्यक्रम कराया गया।।तथा गांव के सभी ग्रामीण की उपस्थित में धूमधाम से मनाया गया।

### अक्षत कलश यात्रा को गांव में कराया गया भ्रमण



**बरपाली।** अयोध्या मे बन रहे श्री राम मन्दिर के लिए अयोध्या से आई अक्षत कलश को गांव में भ्रमण कराकर बरपाली में पूजा अर्चना किया गया कलश को शिव मंदिर से निकाल कर बीच बस्ती माँ मड़वारानी मंदिर तक शोभायात्रा के साथ किशन अग्रवाल के नेतृत्व मे निकाली गई अक्षत कलश की जगह जगह पूजा अर्चना किया गया इस यात्रा में प्रमोद गुरुद्वान संदीप अग्रवाल प्रवीण उपाध्याय देवराज अग्रवाल सुरेश अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### चचिया में जनमन योजना शिविर में मिलेगा लाभ

**कोरबा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने शनिवार जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम चचिया में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री जन मन योजना का लाभ दिलाने हेतु आयोजित शिविर का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को पीएम जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा की इस योजना का मूल उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उनका विकास सुनिश्चित करना है। इस हेतु जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों की बसाहटो में सर्वे किया जा रहा है। जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। सीईओ विश्वदीप ने उपस्थित सभी विभागीय कर्मचारियों को पीव्हीटीजी वर्ग के वंचित एवं पात्र लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार पट्टा, जनधन खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय निर्माण कर विभागीय योजनाओं से लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### मानिकपुर पोखरी ईको-पर्यटन के रूप में होगी विकसित

**कोरबा।** बीते वर्ष एसईसीएल द्वारा जिले में अवस्थित मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2024 में इस परियोजना का क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा और पूरा हो जाने पर यह राज्य में इस प्रकार का दूसरा ईको-टूरिस्ज़्म साइट होगा। इससे पहले एसईसीएल द्वारा सूरजपुर जिले में स्थित केनापरा में भी बंद पड़ी खदान को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है जहां आज दूर-दूर से सैलानी घूमने और बोटिंग एवं अन्य गतिविधियों का लुत्फ लेने आते हैं। इस पर्यटन स्थल की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्वीट के जरिये कर चुके हैं। इस परियोजना के तहत एसईसीएल नगर निगम से साथ मिलकर जिले में स्थित मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करेगी।

जिले की सीमा में बीते वर्ष लगाए गए थे बैरियर

# जिले की सीमा में नहीं लगे बैरियर खप सकता है पड़ोसी जिले का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष राज्य सरकार के द्वारा बाहरी जिले के धान को रोकने के लिए सभी जिले की सीमा में बैरियर लगाए गए थे, किंतु इस वर्ष यह व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा नहीं की

**खास बात**

- कोरबी चौकी में पकड़ा गया धान का अवैध परिवहन

गई। परिणाम स्वरूप पड़ोजी जिले के धान कोरबा जिले के धान खरीदी केन्द्रों में बेधड़क खप रहे हैं। कोरबी चौकी अंतर्गत रविवार को पुलिस ने धान के अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर को जब्त किया है। इससे इस बात की पुष्टि होती है कि पड़ोजी जिले के धान जिले में खप रहे हैं।

पड़ोजी जिले से कोरबा जिले में धान की आवक न हो सके इसके लिए बैरियर लगाए जाने का प्रावधान है। कोरबा जिले का सीमा जांजगीर-चांपा, रायगढ़, पेंड्रा मरवाही, धरमजयगढ़, सक्ती, उदयपुर से लगी हुई है। लेकिन यहां आने वाले मुख्य मार्गों में कहीं भी बैरियर नजर नहीं आ रहे हैं और न ही नोडल अधिकारियों के द्वारा खरीदी केन्द्रों का सतत निगरारी नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि धान की आवक एकाएक बड़ी है और मामले भी पकड़ में आने लगे हैं, किंतु इसके बावजूद भी जिला प्रशासन की नींद नहीं टूटी। पुलिस ने कोरबा चौकी अंतर्गत एक क्षेत्र में धान का अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर को पकड़ा। चालक के द्वारा धान से संबंधित जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे यह आशंका बलवती हो रही है कि कोरबी चौकी की सीमा चिरमिरी से लगी है। लिहाजा उक्त जिले से भी धान लाया जा सकता है। दूसरी तरफ पसान धान खरीदी केन्द्र जिले का सबसे संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र है। यहां बीते वर्ष अनूपपुर, शहडोज जिले के धान पेंड्रा के रास्ते खपाए गए थे, यह मामला भी पकड़ा गया था। बीते वर्ष ग्राम टेलिया मार्ग के पास बैरियर लगा था जहां मामला पकड़ा गया था। इस वर्ष पसान व पेंड्रा के बीच कहीं भी बेरियर नहीं लगे हैं। इसी तरह कुदमुरा-हाटी मार्ग में भी बेरियर नहीं लगे हैं जो रायगढ़ सीमा को जोड़ता है। इसके अलावा करतला ब्लॉक का ग्राम बेहरचुंआ सक्ती जिले की सीमा से लगा हुआ है। यहां से भी धान की आवक होती है। बैरियर नहीं होने की वजह से ट्रेक्टर के माध्यम से धान आने की जानारी ग्रामीणों ने भी बताई है।



पुलिस गिरफ्तर में धान का अवैध परिवहन का आरोपी व जप्त वाहन।

**पुलिस द्वारा की गई धान जप्ती की कार्रवाई**

चौकी प्रभारी कोरबी अफसर खान के नेतृत्व में कोरबी पुलिस को बज्रपुरी से कोरबी लाकर खपाने का प्रयास कर रहा है कि मुखबिर की सूचना प्राप्त होने पर कोरबी चौकी के द्वारा घेराबंदी कर पिकअप वाहन कमांक सीजी 16 ए 1788 में लोड धान 51 बोरी वजनी 20 क्विंटल वाहन स्वामी चालक राकेश कुमार चकधारी निवासी ग्राम बचरा चौकी बचरा पोडी थाना खण्डगवां जिला एमसीबी से जप्त किया गया है। वाहन स्वामी चालक द्वारा उक्त धान के परिवहन संबंधी कोई कागजात नहीं होना बताया गया। वर्तमान में शासन द्वारा किसानों से कय किया जा रहा है। उक्त धान को अनावेदक द्वारा अफरा-तफरी करने के उद्देश्य से ग्राम बचरा से कोरबी लाकर खपाया जाना प्रतीत होता है। जिस पर धारा 102 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत जप्त किया गया।

**बढ़ी आवक, होने लगा धान जाम**

दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में धान की आवक एकाएक जिस तेजी से बढ़ी है उससे सोसायटियों में धान जाम होने लगे हैं। कोरबा और करतला विकासखँड की समितियों में यही स्थिति नजर आ रही है। डीओ कटने के बाद ही धान का उठाव सप्ताह-सप्ताह भर नहीं हो रह है, जबकि शासन का यह निर्देश है कि खरीदी के 72 घंटे के अंतर धान का उठाव किया जाना है। समितियों में धान की आवक बढ़ने और दूसरी ओर किसानों का यह कहना कि उनका रकबा कम कर दिया गया है। तो सवाल यह खड़ा होता है कि एकाएक धान की आवक इतनी ज्यादा कैसे बढ़ गई, जाहिर है कि कहीं और के धान खपने लगे हैं।

# दैहिक शोषण के अलग अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने दो युवतियों को शादी का झांसा देकर उनके साथ दैहिक शोषण का अंजाम दिया था। दोनों ही

**खास बातें**

- पसान थाना व सीएसईबी चौकी क्षेत्र का मामला
- दोनों आरोपियों ने शादी का झासा देक किया था दैहिक शोषण

मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पसान थाना अंतर्गत निवासरत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम अडसरा पसान निवासी रतन नेताम उम्र 27 साल पिता स्व सुमेर सिंह नेताम ने युवती को डेढ़ वर्ष पूर्व युवती को बम्हनी नदी किनारे ले जाकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था और बाद में युवक शादी से मुकर गया था था। युवती की रिपोर्ट पर पसान पुलिस ने आरोपी रतन नेताम के खिलाफ धारा 376 (2) (एन) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था। जिसे 30 दिसंबर को आरोपी के ग्राम अडसारा में दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसी तरह सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुनील कुमार साहू उम्र 27 वर्ष पिता रामकृपाल साहू के द्वारा वर्ष 2021 में पीड़िता के घर में शादी कार्यक्रम के दौरान युवती से जान पहचान हुआ था तब से आरोपी युवक ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार करते आ रहा था। जब पीड़िता ने सुनील को शादी करने हेतु बोला तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सुनील कुमार साहू के खिलाफ धारा 376 (2), (एन), 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# एसपी के समझाइश के बाद काम पर लौटे आईओसीएल के चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



टैंकर चालक व अन्य लोगों से चर्चा करते एसपी श्री शुक्ला।

हिट एंड रन के नए कानून बनने के बाद टैंकर व ट्रक चालकों ने कानून की भ्रामक जानकारी होने पर इंडियन आयल कॉरपोरेशन के ट्रक चालकों ने नियम का विरोध जताते हुए हड़ताल पर चले गए थे और टैंकरों के पहिए थम गए थे। जैसी ही प्रशासन के अफसरों को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और हड़ताल कर रहे टैंकर चालकों को नियम की पूरी जानकारी बताई और उन्हें आश्वस्त किया कि नियम के तहत ही कार्यवाही होगी। गलत कार्यवाही किसी पर नहीं होगी। जिसके बाद टैंकर चालक अपने काम पर लौटे।

हिट एंड रन के नए कानून बनने पर टैंकर चालकों को संदेह था कि उनके ही खिलाफ नए कानून बनाया गया है और इससे उनको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। गोपालपुर स्थित इंडियन आयल कॉरपोरेशन के टर्मिनल से विभिन्न जिलों के डीलर्स को डीजल पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है। नए कानून के विरोध में चालकों का कहना था कि उन्हें अब कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसे लेकर टैंकर चालकों ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन गोपालपुर के पास टैंकर के पहिए रोककर हड़ताल पर चले गए थे। मामले की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, एसडीएम कटघोरा और दर्री थाना प्रभारी रूपक शर्मा गोपालपुर पहुंचे और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारी और वाहन चालकों से बातचीत की गई। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने बताया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित होने पर इन लोगों ने भरोसा कर लिया और जिसके कारण इस प्रकार की स्थिति निर्मित हुई। कानून में जो बदलाव किया गया है वह सभी तरह के चालकों के लिए है ना कि केवल टैंकर चालकों के लिए। पुलिस अधीक्षक की समझाइश पर इंडियन आयल कॉरपोरेशन से अनुबंध टैंकर चालक हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट गये।

# पीएम आवास के लिए तीन मिले पात्र, तीन साल बीत गए अब तक नहीं मिला आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जिस मुद्दो को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई और संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में यह मुद्दा

**खास बात**

- ग्राम पंचायत दूधीटांगर का मामला

जमकर छाया रहा। उसकी हकीकत ग्रामीण अंचलों में देखने को मिलती है। ग्राम दूधीटांगर में केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों को पीएम आवास के लिए पंचायत ने पात्र माना था, लेकिन तीन वर्ष बीत गए तीनों हितग्राहियों को अब तक आवास नहीं मिले।

मामला ग्राम पंचायत बेला के अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम दूधीटांगर बस्ती का है, जहां 8 घर पहाड़ी कोरवाओं के हैं। इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पंचायत की ओर से हितग्राहियों के नाम चयनित किए गए थे। इनमें बोधराम, राम साय और चरण कोरवा शामिल हैं। तीनों के नाम ग्राम पंचायत के द्वारा जिला पंचायत के प्रधानमंत्री आवास प्रकोष्ठ में भेजे गए थे। जहां से उन तीनों हितग्राहियों के लिए 1 लाख 25 हजार रूपये की पहली किस्त जारी हुई। उक्त राशि से ठेकेदार के द्वारा दो हितग्राही बोधराम कोरवा व चरण साय कोरवा के आवास का निर्माण तो शुरू किया गया, किंतु केवल प्लिंथ लेबल तक कार्य करने के बाद उसे अधूरा छोड़ दिया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों को 24 हजार रूपये की राशि दी गई। शेष राशि से काम होना बताकर ठेकेदार ने आगे की राशि नहीं मिलने का हवाला देकर काम ही बंद कर दिया। आज तीन साल पूरे हो गए पहाड़ी कोरवा परिवारों को उनके आवास की दीवार तक खड़ी नहीं की गई और अधिकारी इसी रास्ते से लगातार गुजरते रहे। यहां तक की उनसे मिलकर उनकी समस्या भी जानते रहे, लेकिन उन्हें पक्का आवास दिलाने के लिए कोई पहल नहीं की।



अपने अधूरे आवास के सामने खड़ा हितग्राही।

**अब आ गई पीएम जनमन योजना**

पीएम आवास तो इन पहाड़ी जनजाति परिवारों को तो नहीं मिला, लेकिन इनकी समस्याओं को और शासन की सुविधाएं वाली केन्द्र सरकार की पीएम जनमन योजना उनके दरवाजे जरूर पहुंच रही है। बोधराम कोरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत बेला में कुछ दिन पूर्व अधिकारियों ने शिविर लगाया था, जहां उनकी बसाहट और आवास के विषय पर जानकारी ली थी। जिस पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास नहीं बने होने के मामले से अवगत कराया गया, किंतु आश्वासन ही मिला है की आवास बनेंगे।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिफलिस, गनोरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

# राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत देश में 22 जनवरी को दीपावली मनेगी।

**खास बात**

- सर्वसमाज की बैठक में तय हुई रूपरेखा

वहीं इस अवसर पर कटघोरा नगर में राम भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर सर्वसमाज की बैठक गायत्री धर्मशाला में आहूत की गई। जहां कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा बनाई गई।

बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने पर नगर में भव्य आयोजन को लेकर अपनी अपनी राय दी। बैठक में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सर्व समाज के लोगों से अपील की है कि सभी सनातनी प्रभु श्रीजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन को प्रभु श्री राम की भक्ति समर्पित कर इस आयोजन को धूमधाम से मना है। बैठक में गायत्री परिवार की ओर से सर्वप्रथम सुंदर कांड पाठ किया जाएगा तथा समस्त पूजन की जवाबदारी गायत्री परिवार को दी गई। प्रसाद व्यवस्था सामूहिक रूप से की जाएगी जिसपर 3 क्विंटल बूंदी की व्यवस्था कटघोरा के विभिन्न व्यापारी वर्ग के द्वारा की जाएगी तथा अन्य प्रसाद का सहयोग भी सामूहिक रूप से सभी सनातनी कर सकते हैं। संस्कार भारती को प्रसाद वितरण का कार्य करने की जवाबदारी दी गई। दिनेश गर्ग को अनुष्ठान में बैठने के लिए सपत्नीक जोड़े जिसने एक अधिक जोड़े शामिल हो सकते है इसकी सम्पूर्ण जवाब दारी दी गई। दोपहर कोरबा से आये कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। वही शाम को 7 बजे से दुर्ग के आर्केस्ट्रा टीम द्वारा श्रीराम की भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चौराहे व नगर के मुख्य मार्ग पर भगवा तोरण, ध्वज, प्रभु श्रीराम के फ्लेक्स लगाने व सजावट की जिम्मेदारी ली है। लायन्स क्लब के छुरी कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोदिया ने कहा कि सुबह से शाम तक पानी की व्यवस्था लायन्स क्लब के द्वारा की जाएगी। बैठक में गायत्री परिवार से लेकर सर्वसमाज के प्रबुद्धजन, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, भाजपा कटघोरा मण्डल अध्यक्ष धन्नू दुबे, अजय दुबे, टण्डन, मृत्युंजय जायसवाल, दिनेश गर्ग, दुबे,राकेश पांडेय,,राकेश अग्रवाल,के साथ बड़ी संख्या में महिला व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित सर्वसमाज के पदाधिकारी।

### शिविर में योजनाओं की दी जा रही जानकारी

**कोरबा।** आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कटघोरा के ग्राम रंगबेल व जपेली, जनपद पंचायत करतला के फत्तेगंज, औराई व ननियारी, विकासखंड कोरबा के ग्राम अमलडीहा व बलसेंधा तथा सिमकेंदा व ढेंगुरडीह में, पोडी उपरोडा ब्लॉक के गिद्धमुड़ी, बनिया में, विकासखंड पाली के ग्राम पोटापानी, अलगीडांड व बगधरीडांड में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची।

TOP IN JANJGIR

नगर एवं जिले वासियों को नये वर्ष 2024 की हार्दिक, बधाई, शुभकामनाएं, अभिनंदन
जैन स्वीट्स
लिंक रोड जांजगीर
8889821151, 9993524247
स्वयं निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां से ताजी स्वादिष्ट पवित्र पारंपरिक देशी घी, बादाम, काजू पिस्ता, अंजीर, छेना, खोवा, बेसन, मेदा से बनी मिठाईयां एवं टेस्ट में बेस्ट नमकीन मिक्चर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान
पारस नमकीन तिलई 8871779942

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

1-JAN Cori- Rgh- Janj- Bhoomi pg 3_Layout 1 1/1/2024 8:07 PM Page 1





# प्रभास की नई फिल्म का ऐलान, पोस्टर जारी...

**मुंबई।** सलार की सफलता के बाद प्रभास की एक और फिल्म का ऐलान हो गया है। प्रभास अब डायरेक्टर मारुति संग काम करने जा रहे हैं। मारुति ने खुद प्रभास संग अपनी नेक्स्ट फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद तो एक्टर के फैंस की खुशी का ठिकाना ही नहीं है। मारुति ने फिल्म का पोस्टर जारी कर प्रभास की अगली फिल्म की अनाउंसमेंट की है। पोस्टर देखकर एक्टर के फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। मारुति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, उत्साहित और लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहा था।

लाइफ Style

# करीना

## पोस्ट किया नए साल का मंत्र

करीना कपूर फैमिली संग न्यू ईयर वेकेशन पर स्विट्जरलैंड पहुंच गई हैं। करीना अपने पति सैफ अली खान, अपने बच्चों तैमूर, जेह और करीबी दोस्त नताशा पूनावाला के साथ छुट्टियों पर हैं। उन्होंने अपना 2024 का मंत्र शेयर किया है। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नए साल के मंत्र का खुलासा किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

करीना ने अपनी पोस्ट में लिखा, 2024 मंत्रः मैं अपने जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं खुद को बहस से दूर रखती हूं। भले ही आप मुझे 1+1=5 बताएं, आप बिल्कुल सही हैं, एन्जॉय करें। बता दें, करीना अपनी लाइफ स्टाइल और खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में रही हैं। वह सैफ से शादी करने और बच्चों के नाम तैमूर और जहांगीर रखने पर भी बुरी तरह ट्रोल हो चुकी हैं। करीना कई इंटरव्यूज में कह चुकी हैं कि उन्हें ट्रोल और लोगों के कमेंट्स कोई फर्क नहीं पड़ता। वह नेटिजंस की बातों पर रिएक्ट्स करना पसंद नहीं करती हैं। बता दें कि करीना को फिल्म इंडस्ट्री में 23 साल हो गए हैं। साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी से उन्होंने बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हिट और फ्लॉप फिल्में दी हैं। एक दौर था जब उनकी गिनती टॉप और यंग एक्ट्रेस में होती थी। लेकिन अब बढ़ती उम्र के साथ ही उनकी पॉपुलैरिटी में भी कमी आ रही है। साथ ही उन्हें काम मिलने में भी दिक्कते आ रही हैं। साल 2001 से लेकर 2016 तक उनकी हर साल 3 से 6 फिल्में आती थी। लेकिन इसके बाद से उनकी एक ही फिल्म आ रही है। बड़े पर्दे पर वह पिछली बार 'लाल सिंह चड्ढा' में दिखाई दीं, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़ती पहचान से होता है अच्छा महसूस

**लॉस एंजेलिस।** फिल्म निर्माता क्रिस्टोफर नोलन 'ओपेनहाइमर' के अब तक की सबसे सफल फिल्म बनने के बाद फिल्म इंडस्ट्री की अपनी पहचान को लेकर अच्छा महसूस करते हैं। उन्होंने बताया, मैंने अभी रॉबर्ट ओपेनहाइमर के बारे में तीन घंटे की फिल्म बनाई है, जो आर-रेटेड है और आधी ब्लैक-एंड-व्हाइट में है और इसने एक अरब डॉलर कमाए हैं। मुझे लगता है कि फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अजीब बात यह है कि यह सचमुच मेरी अब तक की सबसे सफल फिल्म है।




# शकीरा की बनी 21 फीट ऊंची प्रतिमा...

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर शकीरा होमटाउन से मिले सम्मान को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर होमटाउन बैरेंक्विला में बनी अपनी प्रतिमा साझा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैं कोलंबियाई महिला और मेरी भूमि के अंदर और बाहर बैरेंक्विला को इस ट्रिब्यूट से बहुत उत्साहित हूं। पोस्ट में ही, शकीरा ने 21 फीट ऊंची मूर्ति का एक वीडियो अपलोड किया, जिसे कलाकार यिनो मार्क्स ने बनाया था। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिमा में 2005 में रिलीज हुए अपने हिट 'हिप्स डोंट लाई' के म्यूजिक वीडियो से आइकोनिक डांस मूव को प्रदर्शित किया। शकीरा ने प्रतिमा की कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें उनके माता-पिता मुस्कुराते हुए और मूर्ति के सामने एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए क्लिक करा रहे हैं।



# अपने रंग के कारण हुई ह्युमिलिएट...


**मुंबई।** एक्ट्रेस बरखा बिष्ट इन दिनों अपनी फिल्म 'सफेद' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में बरखा एक ट्रांसजेंडर की भूमिका में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने तलाक और सिंगल मदर होने की चुनौतियों का दर्द बयां किया है। करियर की शुरुआत में एक्ट्रेस को अपने रंग को लेकर भी काफी कुछ झेलना पड़ा था। उनका कहना था कि उस वक्त उन्हें वो बातें सुनकार काफी बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'करियर की शुरुआत में मैं अपने रंग के कारण मैं बहुत ह्युमिलिएट हुई हूं। मुझे काफी कुछ झेलना पड़ा था। शूट के दौरान जब मैं मेकअप करके आती थी, मुझसे कहा जाता था, मेकअप ब्राइट करो, ये सुनकर बहुत बेइज्जती महसूस होती थी। एक्ट्रेस ने कहा कि सिंगल पैरेंट होना अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। मेरे पास ऐसे बहुत से उदाहरण है।



# नेचुरल फिट रहने की करता हूं कोशिश

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने कहा, मैं फिटनेस के लिए जितना जुनूनी हूं उससे कहीं ज्यादा मैं नेचुरल फिट रहने की कोशिश करता हूं। मुझे जिम से ज्यादा बाहर स्विमिंग करना पसंद है, मैं बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, कसरत करना, हेल्दी खाना, जैसे मेरा मानना है कि शुद्ध घी अगर सही मात्रा में खाया जाए तो हमें फायदा होगा। अक्षय कुमार ने कहा, मैं आजकल देखता हूं कि यंग लड़के-लड़कियां इस देसी घी नहीं खाते कि वो कहीं मोटे न हो जाएं। बहुत जरूरी है कि हम यह समझें कि क्या हमारी फिटनेस के लिए अच्छा है और क्या बुरा है। डॉक्टर की सलाह से आप अपना लाइफस्टाइल बदलो न की किसी फिल्म स्टार की बॉडी देखकर। अभिनेता ने कहा, 'नए साल में हमें अपने आप से वादा करना चाहिए कि कोई केमिकल और शॉर्टकट एक्सरसाइज न करें।

टीवी मसाला




# इक्क कुड़ी पंजाब दी : तनीषा ने पहना दुल्हन का लहंगा

**मुंबई।** टीवी शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' के वेडिंग सीक्वेंस में दुल्हन के शानदार पहनावे से अभिनेत्री तनीषा मेहता ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। शो में बेहतर लुक देने के लिए एक्ट्रेस ने खुद को स्टाइल दिया। गुरुद्वारे में शादी के सीक्वेंस के लिए ड्रेस के बारे में तनीषा ने खुलकर बात की। तनीषा ने एक लुभावने हल्के नीले और सुनहरे रंग का लहंगा चुना, जिसमें सुंदरता और शिष्टता झलक रही थी। तनीषा ने कहा, हर लड़की एक खूबसूरत दुल्हन के रूप में तैयार होने का सपना देखती है। इस उद्योग में एक पेशेवर के रूप में, मैं कई बार इस जादुई क्षण का अनुभव करने के लिए भाग्यशाली रही हूं। लेकिन यह वास्तव में विशिष्ट है और मेरे पसंदीदा में से एक है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हल्के नीले और सुनहरे रंग का संयोजन दुल्हन की ड्रेस में इतना अच्छा लगेगा, लेकिन जैसे ही इसे अंतिम रूप दिया गया, मेरी क्रिएटिव टीम और मैं परिणाम से रोमांचित थे। मैं इतना उत्साहित थी कि मैं ड्रेस से मेल खाने के लिए सही आभूषण ढूंढने के लिए टीम के साथ घूमी क्योंकि मैं चाहती थी कि यह एकदम सही हो।

## जैस्मीन ने की एयरलाइंस की आलोचना

**मुंबई।** छुट्टियां मनाने के लिए मुंबई से जम्मू जा रही अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपने सबसे खराब उड़ान अनुभव के बारे में बात करते हुए



एयरलाइंस की जमकर आलोचना की है। जैस्मीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी सेल्फी शेयर की, जिसमें वह फ्लाइट के अंदर अपने सिर पर हाथ रखकर बैठी हुई देखी जा सकती हैं। फोटो में उन्होंने नीला टॉप और धूप का चश्मा पहना हुआ है। फोटो को कैप्शन दिया, जम्मू की जगह दिल्ली पहुंच गई, धन्यवाद । उन्होंने उड़ान के अनुभव को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने विमान में 10 घंटे बिताए और वापस मुंबई में ही उतरीं। अभिनेत्री ने लिखा, यह मेरे जीवन की सबसे खराब उड़ान थी, 10 घंटे से अधिक समय तक विमान में थी, मुंबई से विमान में चला और मुंबई में उतरा, इसलिए मैं कहीं नहीं पहुंची, केबिन क्रू मददगार था और उसने अपना सर्वश्रेष्ठ किया लेकिन मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन के साथ अनुभव भयानक था।


# सितारों ने पुराने साल को कहा अलविदा

## अब नए साल में नए रोमांच की प्रतीक्षा...

**मुंबई।** हर तरफ नए साल की धूम देखने को मिल रही है। नए साल के लिए बड़े से लेकर छोटे पर्दे के सितारे भी कम एक्साइटेड नहीं है। जहां कुछ स्टार्स अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मुबंई से रवाना हो गए हैं, तो वहीं कुछ सेलेब्स सोशल मीडिया पर फैंस को अपने साल 2023 की कुछ यादगार पलों की झलक दिखा रहे हैं। आइए देखते हैं कि किस-किस सेलिब्रेटी ने इंस्टाग्राम पर अपने साल 2023 के लिए स्पेशल वीडियो शेयर किया है।

**माधुरी दीक्षित :** इंडस्ट्री की 'धक-धक गर्ल' माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर साल 2023 की यादों से भरा एक खास वीडियो शेयर किया है। अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'उन सभी उतार-चढ़ावों का जश्न मनाना, जिन्होंने इस वर्ष को वास्तव में उल्लेखनीय बना दिया।'

**रवीना टंडन :** केजीएफ 2 से सिनेमा में वापसी करने वाली एक्ट्रेस



रवीना टंडन भी न्यू ईयर 2024 को लेकर काफी खुश हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। इस क्लिप में वो व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में स्टाइल से वॉक करती दिखाई दे रही हैं और फैंस को न्यू ईयर की बधाई दे रही हैं।

**करिश्मा कपूर :** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर भी नए साल के सेलिब्रेशन को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर भी की है। व्हाइट कलर की कुर्ती में वे बेहद खूबसूरत लग रही है और हर किसी को एक्ट्रेस ने अपने नए लुक से दीवाना बना दिया है। फोटो के कैप्शन में करिश्मा ने 'क्रूज आउट ऑफ 2023' लिखा है।

**सोनाली बेंद्रे :** एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने भी साल 2023 को अलविदा कहते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अदाकारा ने 2023 की अपनी शानदार यादों की झलक फैंस को दिखाई है और उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, '2023 की यात्रा के लिए आभारी हूं। 2024 में नए रोमांच की प्रतीक्षा में!'

**जेनेलिया डिसूजा :** जेनेलिया डिसूजा भी नए साल का स्वागत करने के लिए बेताब हैं और उन्होंने शानदार तरीके से साल 2023 को बॉय-बॉय भी बोला है। जेनेलिया डिसूजा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वो इस साल की सारी यादों की झलक दिखा रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'धन्यवाद 2023–आप दयालु रहे2024 में चलते हुए– यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मेरे लिए क्या है। साल के अंतिम दिन की हार्दिक शुभकामनाएँ, नव वर्ष की शुभकामनाएं।



# आइस स्केटिंग देख खुला रह गया लोगों का मुंह

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस एली अवराम अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय शख्सियत हैं। एली अक्सर अपने नए प्रोजेक्ट्स और फिल्मी दुनिया से अलग काम कर रही चीजों के बारे में प्रशंसकों के साथ अपडेट साझा करती रहती हैं। हालांकि, इस बार एक्ट्रेस ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका टैलेंट देखकर हर कोई हैरान है। एली के शेयर किए गए वीडियो में हर कोई उनकी अदाओं का दीवाना हो गया है। सामने आए वीडियो में एली को पूरे जोश के साथ आइस स्केटिंग करते हुए देखा जा सकता है।

## साउथ अफ्रीका पहुंचीं अनुष्का पति संग मनाएंगी नववर्ष...



*मुंबई। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपने पति विराट कोहली के साथ नए साल का जश्न मनाने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर लेटेस्ट फोटोज वायरल हो रही है, जिसे देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वो साउथ अफ्रीका की हैं। वायरल हो रही फोटोज में अनुष्का किसी रेस्तरां में बैठी दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की फोटो के ऊपर अनुष्का शर्मा इन साउथ अफ्रीका लिखा हुआ है और उनकी ये फोटोज किसी फैन ने दूर से क्लिक करके सोशल मीडिया पर शेयर की है।*

## नए साल सेलिब्रेट करने मुंबई से रवाना हुए विक्की और कैट...



*मुंबई। नए साल का जश्न मनाने के लिए सेलेब्स लगातार विदेश जा रहे हैं और उनकी वीडियो और फोटोज इंटरनेट पर जमकर वायरल भी हो रहे हैं। बॉलीवुड के मोस्ट पॉपुलर कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ भी न्यू ईयर सेलिब्रेट करने निकल गए हैं। मुंबई एयरपोर्ट से विक्की और कैटरीना का लेटेस्ट स्पॉटेड वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों इस दौरान एयरपोर्ट पर एक-दूसरे का हाथ थामे दिखाई दिए हैं। इससे पहले विक्की और कैटरीना ने खास अंदाज में क्रिसमस मनाया था।*

## सनी ने न्यू ईयर से पहले फैंस को दी खास ट्रीट



*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी न्यू ईयर को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और वो खास अंदाज में नए साल का वेलकम करने की तैयारी कर रही हैं। सनी अपनी फैमिली के साथ कश्मीर की वादियों में नए साल का जश्न मनाने वाली हैं और वहां से उनका नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सनी ने इंस्टाग्राम पर अपना नया वीडियो शेयर किया है,जिसमें उनके साथ उनके पति भी दिखाई दे रहे हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए एक्ट्रेस अपनी फैमिली के साथ कश्मीर ट्रिप पर गई हैं।*

## खबर संक्षेप

### नगर में निकली कलश यात्रा, लोगों ने फूल बरसाकर किया स्वागत



**सक्ती।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के लिए पहुंची अक्षत कलश यात्रा नगर में निकाली गई। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसा कर एवं महिलाओं ने आरती कर स्वागत किया। कलश यात्रा बेरी मंदिर से होते हुए प्रमुख मार्गो बाजार रोड़, राम मंदिर,हटरी रोड़ अग्रसेन से होकर रेल्वे स्टेशन पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर समापन हुआ। इस यात्रा में शहर के सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर उद्घाटन के लिए निमंत्रण पत्र देने सोमवार को सक्ती नगर में भव्य कलश यात्रा निकली। लोगों ने यात्रा का जगह-जगह फ़ूल माला से बरसा कर स्वागत किया। जगह जगह स्वागत एवं आरती महिलाओं ने की। यह यात्रा बेरी मंदिर से होते हुए प्रमुख मार्गो बाजार रोड़,राम मंदिर,हटरी रोड़ अग्रसेन से होकर रेल्वे स्टेशन पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर समापन हुए। इस यात्रा में शहर के सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। हिन्दू संगठन, गायत्री परिवार, स्वयंसेवक सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अविनाश बने मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के निर्वरोध अध्यक्ष



**जांजगीर-चाम्पा।** मारवाड़ी ब्राह्मण समाज नैला जांजगीर की मीटिंग शनिवार 30 दिसम्बर को मयंक होटल जांजगीर में आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से अविनाश शर्मा को अध्यक्षचुना गया। जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। बैठक में छेदीलाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रमेश शर्मा, गोविंद शर्मा, संजय शर्मा एवं शिव शंकर शर्मा उपस्थित रहे । समाज के सभी लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी एवं आगे समाज के कार्य की प्रगति के लिए निर्णय लिया गया।

### पुटपुरा में 7 जनवरी को निकलेगी अक्षत कलश यात्रा



**जांजगीर-चांपा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सनातन धर्म रक्षा सेवा समिति पूटपुरा की बैठक 31 दिसंबर को आयोजित की गई, जिसमें ग्राम में अक्षत कलश यात्रा निकालने एवं ग्राम वासियों को घर-घर जाकर आमंत्रण देने पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे अरुण राठौर उप सरपंच के घर से अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो भजन कीर्तन के साथ बाजार पारा गांजर पारा बंगला पारा होते हुए पिपलेश्वर बाबा मंदिर में समाप्त होगी। इस यात्रा में सभी ग्रामवासियों गणमान्य सनातनी भाई एवं माता और बहनों सादर आमंत्रित रहेंगे। शाम को सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से साकेत तिवारी, अरुण राठौर, उप सरपंच पंडित राधेश्याम शास्त्री, खीखराम यादव, अजय राठौर, गंगाराम ढीमर, सुरेश श्रीवास, मोहर साय यादव, अमर यादव, भरत लाल राठौर, सोनू तिवारी, गुरुदत्त गिर गोस्वामी, कृष्णा यादव, लड्डू राहुल यादव, अईत राम यादव उपस्थित थे।

### कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं मड़ाई मेला आज



**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी के भाठापारा मोहल्ला में दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। 1 जनवरी सोमवार को दोपहर मुख्य अतिथि बीरबल कर्ष पूर्व सरपंच, डॉ रवि प्रधान , लोकेश साहू, विशिष्ट अतिथि मनहरण करियारे बीडीसी, ओमप्रकाश करीयारे उपसरपंच, लाला यादव, कन्हैया केंवट, रमेश राठौर पंच , सरोज सागर पंच की उपस्थिति में कबड्डी प्रतियोगिता खेल का शुभारंभ किया गया। मंगलवार 2 जनवरी को समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती लीला देवी दिनेश राठौर सरपंच , डॉ कृष्णगोपाल किरण पूर्व सरपंच , तूफान सिंह चंदेल सरपंच हथनेवरा होंगे। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभागी को 10001रु व ट्राफी, दूसरा 7001 रु व ट्राफी , तृतीय 5001रु ट्राफी, चतुर्थ 3001 रु व ट्राफी दिया जाएगा एवं मैन ऑफ द सीरीज में बेस्ट रेडर को 400 रु व मेडल, बेस्ट केचर 400 रु व मेडल , बेस्ट आलराउंडर 500 रु व मेडल दिया जाएगा। भव्य मड़ाई मेला में बच्चों की मनोरंजन के लिए कई तरह की झूला एवं व्यपारियो की कपड़ा दुकान, मिठाई, चाट, गुपचुप, चाउमीन सहित कई प्रकार की दुकान सजने शुरू हो गए हैं।

## 1 जनवरी को सुबह मंदिरों में लगी रही भीड़

# पूजा-अर्चना से नए साल की शुरुआत



साल के पहले दिन नहरिया बाबा मंदिर में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नए वर्ष की पूर्व बेला पर थर्टी फर्स्ट की नाइट जहां जगह-जगह युवा डीजे की धुन पर थिरकते रहे, वहीं सोमवार 1 जनवरी को नए साल की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्जना एवं भजन-कीर्तन से प्रारंभ की। नहरिया बाबा मंदिर में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा तो चंद्रपुर, शिवरीनारायण सहित अन्य धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ रही।

नगर के नहरिया बाबा, बरमबाबा एवं देवीदाई मंदिर, शिव मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर सहित अन्य देवालयो में लागों की भीड़ सुबह से जुटी रही। इसके अलावा स्कूलों में अवकाश सा माहौल रहा। हालांकि बच्चों ने सुबह उठकर पढ़ाई भी की। कहा जाता है साल का पहला दिन अच्छा हो तो पूरा साल अच्छा होता है। इसी मान्यता को लेकर लोगों ने आज अपने दिन की शुरुआत की। नए साल 2024 के पहले दिन स्थानीय नहरिया बाबा हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए लोग सुबह से इकट्ठे होने लगे तो पुरानी बस्ती स्थित बरमबाबा एवं देवी दाई मंदिर में भी लोगों का तांता लगा रहा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में रात्रि में भजन-कीर्तन हुआ वहीं सुबह पूजा-अर्चना के लिए लोग पहुंचे। इसी तरह महानदी के तट पर भगवान शबरीनारायण, मां अन्नपूर्णा, चांपा के समलाई मंदिर, खोखरा मनकादाई के साथ चन्द्रपुर व अड़भार अष्टभुजी मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने साल के पहले दिन भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इसके अलावा भजन-कीर्तन दिनभर चला। दूसरी ओर छात्रवर्ग पढ़ाई में मशगूल रहा। नए साल की शुरुआत उन्होंने अपनी पढ़ाई से की। इधर नए साल का नजारा दफ्तरों में भी बखूबी देखने को मिला। साल के साथ सप्ताह के पहले दिन दफ्तरों में अघोषित अवकाश सा माहौल रहा। वहां एक-दूसरे को सौजन्य अथवा फोन पर बधाईयां दी जा रही थी तो अधिकांश कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। थर्टी फर्स्ट की पार्टी में मशगूल कई अधिकारी-कर्मचारी आज दफ्तर से नदारत रहे या काफी विलंब से आफिस पहुंचे, जिससे उनके कक्ष में कुर्सी-टेबल खाली पड़ी रही। कई लोग परिवार सहित पिकनिक मनाने देवरी, हनुमानधारा, कुदरी बैराज, दमउधरा सहित अनेक तीर्थ स्थल पहुंचे।

### मंदिर एवं पिकनिक स्थल पर तैनात रहे पुलिस के जवान



सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा नव वर्ष के अवसर पर सभी पिकनिक स्पॉट, मंदिरों एवं भीड़ भाड़ वाली जगह पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही कुशल गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। पुलिस की 15 पेट्रोलिंग पार्टियां नियमित रूप से दुर्घटना जन्य स्थल एवं महत्वपूर्ण पिकनिक स्पॉट में तैनात रही ताकि किसी भी तरह से कोई अप्रिय वारदात ना हो।



किसानों को जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी।

## ड्रोन स्प्रेयर के माध्यम से फसलों में किया जा रहा यूरिया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घोघरी

■ किसानों को योजनाओं की दी गई जानकारी

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम अंडी, चारपारा, किरकार सहित कई अनेकों गांव में नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देते हुए नवीन तकनीकी साधन ड्रोन स्प्रेयर के माध्यम से यूरिया छिड़काव की किसानों को जानकारी दी गई। ग्राम अंडी के कृषक निर्मल सिंह पिता पहाड़ सिंह के खेत में 0.200 हेक्टेयर में लगाए गए हाइब्रिड मक्का की फसल में छिड़काव किया गया।

इसी तरह 30 दिसंबर को ग्राम चारपारा के किसान बिहारीराम के द्वारा अपने खेतों में लगाए गए सरसों के फसल व 31 दिसंबर दिन रविवार को ग्राम किरकार निवासी किसान अशोक भरते के खेत में लगे गेहूं की फसल में कृषि विभाग के अधिकारियों व ग्रामीण किसानों कि उपस्थिती में ड्रोन कैमरा से नैनो युरिया की छिड़काव किया गया। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वतन जाधव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी योजना से सभी छोटे बड़े किसानों को लाभ मिलेगा चाहे वह खेती,बाड़ी खरीफ रबि इन दोनों मौसम में भी इस नवीन तकनीक से अधिक लाभ किसान द्वारा लिया जा सकता है। साथ ही उसका जीवंत प्रदर्शन भी दिखाया गया। इस अवसर पर कृषि विकास अधिकारी कृष्णा पैंकरा, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अजय गबेल, श्रीमती मीरा महेश, राकेश सिंह लोधाम ,आशिस पटेल एवं दीपांशु गुप्ता, अंचल के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

## किसान स्कूल पहुंचे टीसीएल कॉलेज के प्रोफेसर, नवाचार देखकर की तारीफ



**बहेराडीह।** वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के नवाचार को देखने जांजगीर के टीसीएल कॉलेज के प्रोफेसर पहुंचे और किसान स्कूल में किए जा रहे नवाचार को देखकर सराहना की। टीसीएल कॉलेज के प्रोफेसर एसके चन्द्रा, अभय सिन्हा और ओपी सिंह ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में जिस तरह के नवाचार हो रहे हैं, उसे सभी को जरूर देखना चाहिए। कृषि के क्षेत्र में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए जो प्रयास किसान स्कूल में किया जा रहा है, वह काबिले तारीफ है. उन्होंने बताया कि जिस तरह छ्ग की 36 भाजी को संरक्षित किया गया है, वह बड़ी बात है। बहुत कम क्षेत्र में बड़ी संख्या में नवाचार किया जा रहा है और किसानों को फ्री ट्रेनिंग दी जा रही है, इसका किसानों को जरूर लाभ लेना चाहिए. प्रोफेसरों ने यह भी कहा कि पुरानी सामग्री को जिस तरह किसान स्कूल में सहेजा जा रहा है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगी, क्योंकि नई पीढ़ी को यह पुरानी सामग्री केवल किसान स्कूल में दिखेगी. किसान स्कूल ने जिस तरह पुरखा के सुरता अभियान चलाकर 'धरोहर' विकसित किया है, यह भी मील का पत्थर साबित होगा। प्रोफेसरों ने नवाचार देखने के बाद खुशी जताते हुए कहा कि किसान स्कूल के द्वारा बड़ी पहल की जा रही है। किसान स्कूल के बारे में लगातार सुन रहे थे तो मन में किसान स्कूल बहेराडीह जाने की जिज्ञासा बनी हुई थी। आज जब किसान स्कूल पहुंचे तो मन गदगद हो गया और जितना सुने थे, उससे ज्यादा देखकर मन को बड़ी खुशी हुई है।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर लक्ष्य को करें प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

■ विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का रासेयो शिविर का हुआ समापन

विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर ग्राम केसला में आयोजित किया गया।

सात दिवसीय शिविर के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संतोष लहरे जिलाध्यक्ष भाजपा अ जा मोर्चा जांजगीर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती जानकी बाई पाटले सरपंच ग्राम केसला भीमबली नायक, गोकुल कश्यप पूर्व सरपंच , जे पी बघेल जी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नवागढ़, विद्यालय संचालक एन के पांडेय, प्राचार्य ए के मिरे, दीपक प्रधान प्राचार्य ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़, और उप प्राचार्य एके यादव,आशीष जायसवाल, मनीता बर्मन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र खूंटे, सह कार्यक्रम अधिकारी सुरेश साहू, कुमारी पूजा साहू, तुलसी यादव, तथा विद्यालय के सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र सामुएल, अंकित, ईशान, रोशनी, खुशबू जांगड़े तथा ग्राम पंचायत केसला के समस्त वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम कराया गया। स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए जेपी बघेल द्वारा कृषि में नई तकनीक को प्रयोग में लाने के लिए समस्त स्वयंसेवक तथा ग्राम वासियों से अपील की और द्रोण स्पेयर का प्रयोग कर दिखाया कि किस प्रकार कुछ ही मिनट में 10 एकड़ से लेकर 100 एकड़ तक की खेती में खाद का छिड़काव किया जा सकता है। संतोष लहरे द्वारा समाज सेवा के कार्यों को युवाओं को निरंतर करने की सलाह दी और कहा की जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त किये। ठीक उसी प्रकार समाज के हर एक युवा को आगे आकर उसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है, और इसका मार्ग राष्ट्रीय सेवा योजना से होकर जाता है। कार्यक्रम का समापन स्कूल संचालक एन के पांडेय के उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने नागरिकों का सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया और स्वयं सेवकों से समाज के जागरूकता के लिए किए जाने वाले इस अभूतपूर्व कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें और भी ऊर्जा के साथ निरंतर कामयाबियों की उंचाई को हासिल करना है यह कार्य यूं ही जारी रहेगा।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## जैन मंदिर में शांति विधान में पूजा अर्चना कर 108 अर्घ किया अर्पण

**अकलतरा।** नव वर्ष के अवसर पर जैन समाज द्वारा मंदिर में शांति विधान का आयोजन किया गया। श्री 1008 भगवान शांतिनाथ की शांति धारा करने का दीपक जैन, प्रमोद जैन, पारस जैन, ज्ञानचंद जैन, राहुल जैन, सुभाष जैन, सौरभ जैन, सक्षम जैन पंडित परिवार को प्राप्त हुआ। शांतिनाथ विधान में कलश स्थापना करने का सौभाग्य सोनिका जैन, स्वाति जैन, रितु जैन, नेहा जैन एवं सौमिला जैन को प्राप्त हुआ, दीप प्रज्वलन मणि जैन द्वारा किया गया।

**खास बात**

■ नव वर्ष के पूर्व 14 घंटे का अखंड मुनिसुब्रतनाथ भगवान के चालीसा का किया पाठ

शांतिनाथ विधान में जैन समाज के पुरुषों एवं महिलाओं द्वारा 108 अर्घ का अर्पण करते हुए मंत्रोच्चार के साथ भगवान शांतिनाथ की पूजा अर्चना करने के साथ विश्व में शांति एवं मानव कल्याण की कामना की गई। जैन समाज के संरक्षक सुशील जैन एवं अध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को जैन मंदिर में सुबह 10 बजे से लेकर रात 12 बजे तक 14 घंटे तक मुनिसुब्रतनाथ भगवान के अखंड चालीसा का सामूहिक पाठ करने के साथ-साथ कल्याण मंडल का पाठ कर 48 दीप प्रज्वलित किए गए, नव वर्ष के अवसर पर श्री 1008 शांतिनाथ विधान का आयोजन कर मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर विश्व में शांति एवं कल्याण की कामना की गई। शांति विधान में समाज के पुरुषों एवं महिलाओं के साथ-साथ युवक एवं युवतियों द्वारा भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता निभाई गई। कार्यक्रम में जैन समाज के संरक्षक ज्ञानचंद जैन , उपाध्यक्ष राजेश जैन सचिव रूपेश जैन, कोषाध्यक्ष विमल जैन, वीरेंद्र जैन, देवेंद्र जैन, अभय जैन, सुभाष जैन,सुनील जैन, राकेश जैन, रवि जैन, सुबोध जैन, संजय जैन, विजय किशोर जैन, प्रवीण जैन, सोपनिल जैन,अजित जैन, रितेश जैन, आनंद जैन, नितिन जैन, अयन जैन, सौरभ जैन, इंद्र कुमार जैन, किरण जैन, सरोज जैन, ममता जैन, राजमती जैन, संध्या जैन, कल्पना जैन, आशा जैन, मणि जैन, सीमा जैन, रश्मि जैन, शोभना जैन, मुक्ता जैन, रीत जैन, रानू जैन, नेहा जैन, समिधा जैन एवं जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



शांति धारा करते जैन समाज के लोग।

## विश्व हिन्दू परिषद-बजरंदल की नवीन कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

■ आगामी कार्यक्रम व संगठन विस्तार को लेकर हुई चर्चा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला जांजगीर संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रम एवं जिला व प्रखंड में नए दायित्व की घोषणा को ध्यान में रखकर बैठक संस्कृतिक भवन शिवरीनारायण में रखी गई।

बैठक में शिवरीनारायण नगर एवं खरौद नगर की नवीन दायित्व की घोषणा की गई। नगर संयोजक शि.ना. गोपाल केशरवानी, नगर सहसंयोजक अमन कुंभकार, सुरक्षा प्रमुख अजय केवट, गौ रक्षा प्रमुख कान्हा केशरवानी, अखाड़ा प्रमुख मनीष गुप्ता, सदस्य अभय चौबे, सौरभ यादव, उत्तम साहू, अजय केवट, नवल ,दीपेश केशरवानी, हर्ष यादव, देवेंद्र यादव, जय यादव, अभिजीत पांडे, अभय केशरवानी, गौरी शंकर, राकेश कर्ष, नरेंद्र केवट, संजय निषाद, अंकित पटेल ,सूरज यादव, सागर कुंभकार, देवेंद्र यादव,निकेश केशरवानी, अभय केशरवानी,जय किशन केशरवानी, एवं खरौद नगर संयोजक तोषेंद्र साहू, सहसंयोजक योगेंद्र यादव, सुरक्षा प्रमुख कामेश्वर साहू, गौ रक्षा प्रमुख दीपक यादव, एवं बजरंग दल सदस्य प्रदीप कश्यप, राहुल कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, हरिशंकर कश्यप, सत्येंद्र कश्यप, रामकृष्ण कश्यप बनाया गया।

बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद कोरबा, विभाग मंत्री विनयमोहन परासर, एवं दुर्गा वाहिनी प्रांत सहसंयोजीका मंजूषा पाटले, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष नरेश्वरी श्रीवास, रूपेश चौबे जिला सत्संग प्रमुख, श्री राम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान के जिला अध्यक्ष पवन सुल्तानिया, जिला मंत्री सीताराम कुंभकार ,जिला सहमंत्री पवन यादव, पंकज कौशिक जिला सहसंयोजक, बजरंग दल, जांजगीर बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य सेवा सुरक्षा संस्कार एवं बजरंगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते अतिथि।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

# देश को विकसित करने निष्ठा व प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरौद

नगर पंचायत खरौद के गांधी चौक में 31 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल उपस्थित थे। इस मौके पर विशेष रुप से नगर पंचायत के अध्यक्ष कांति केशरवानी, उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद श्रीमती गेंदबाई आदित्य ,पामगढ़ मंडल के महामंत्री शरद चंद शर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चंदेल ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 9 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को विकसित करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंबेश जांगडे पूर्व विधायक पामगढ़, विधानसभा के प्रत्याशी संतोष लहरें, जिला के उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं चंद्रकांत तिवारी, जिला के महामंत्री यशवंत साहू, जिला के मंत्री गुरदयाल पाटले एवं शेष शंकर तिवारी, पामगढ़ मंडल के मंडल अध्यक्ष व्यास वर्मा जीजिला कार्य समिति गोविंद यादव, उत्तम सोनी, गोपाल आदित्य, श्रीमती सविता तिवारी, जिला कार्यकारिणी भीम बली नायक, मंडल के मंत्री बसंत यादव, हृदय यादव, श्रीमती गेंद बाई आदित्य पार्षद, इंद्र देवांगन पार्षद, श्रीमती नंदनी देव नोनिया,दिनेश आदित्य, जवाहर आदित्य, जनक भारद्वाज, रामेश्वर साहू, राजेंद्र आदित्य, ईश्वरी यादव, भूरे सोनी, राजेंद्र आदित्य, गणेश साहू के साथ मोदी की कैलेंडर वर्ष के अंतिम रविवार को मन की बात 108 वां एपिसोड श्रवण किया गया। विकसित भारत को विकास की ओर ले जाने के लिए संकल्प कराया गया। इसके साथ सभी अतिथियों के द्वारा कैलेंडर का लोकार्पण, स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। नगर में पूर्ण स्वस्थ बच्चों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न लाभार्थियों का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सभी योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए स्टॉल लगाकर की जानकारी दी गई।



संकल्प शिविर में कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि।

